कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून ।

दिनांकः 11/10/2026

पत्रांक :1706 / वाद सं0 आर–0835 / एस–12 / 2026

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
देहरादून।

महोदय,

विपक्षी श्री ललित कश्यप, निवासी–चन्द्रमणी रोड, नियर–पूजा विहार देहरादून, द्वारा स्थल पर मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग 70 गुणा 15 फीट के क्षेत्रफल मे भूतल की छत डालते हुए प्रथम तल पर कॉलम खडे करने का निर्माण कार्य किये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा उत्तराखण्ड (उ0प्र0 नगर योजना एंव विकास अधिनियम 1973) संशोधन अधिनियम 2009 की सुसंगत धाराओं केअन्तर्गत नोटिस जारी कर वाद संख्या आर–0835 / एस–12 / 2026 योजित किया गया है। चालान शुदा निर्माण को प्राधिकरण द्वारा दिनांक 22/10/26 को सील किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार नियत तिथि को सीलिंग की कार्यवाही शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबधित थानाध्यक्ष को पर्याप्त पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ठ करें।

भवदीय,

पी0अधि0 / संयुक्त सचिव,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

प्रतिलिपिः–

1. नायब तहसीलदार देहरादून, को अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र0) देहरादून के पत्र सं0 1205/ विविध–जेए / 2024 दिनांक 07.11.2024 द्वारा ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग के दौरान चयनित स्थल पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नामित किया गया है। कृपया उक्त तिथि को सीलिंग कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहें।
2. पुलिस अधीक्षक, नगर देहरादून को इस आषय से कि नियत तिथि को सीलिंग की कार्यवाही शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. थानाध्यक्ष पटेलनगर को इस आशय से प्रेषित कि प्राधिकरण स्टाफ के साथ समुचित पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सहायक अभियन्ता / अवर अभियन्ता / अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल्स) / समस्त प्रोसेस सर्वर को इस निर्देष के साथ कि नियत तिथि व समय पर प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर प्रश्नगत अवैध निर्माण को सील करने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. नाजिर को इस निर्देश के साथ कि नियत दिनांक को सील से संबन्धित समस्त सामग्री संबन्धित सहायक अभि0 / अव0 अभि0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. आई0टी0 अनुभाग एम0डी0डी0ए0 को सूचनार्थ प्रेषित।

पी0अधि0 / संयुक्त सचिव,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय देहरादून

कोतवाली पटेलनगर दिनांक 11/10/26 जनपद–देहरादून